शक्तिशाली रेल इंजनों की खरीद

353. **डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :**
श्रीमती सुषमा स्वराज :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने 6000 अश्व शक्ति क्षमता वाले विद्युत रेल इंजनों की खरीद के संबंध में कोई अंतिम निर्णय ले लिया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस आशय का कोई सर्वेक्षण कराया है कि क्या देश की मौजूदा रेल पटरियां ऐसे शक्तिशाली इंजनों की आवश्यकता को पूरा करने में सक्षम हैं ;

(ग) यदि हां, तो देश में विद्यमान ऐसी क्षमता वाली रेल पटरियों का ब्यौरा क्या है ; और

(घ) इस प्रकार के 30 इंजनों को खरीदने के बाद सरकार की देश में किन-किन क्षेत्रों में इस क्षमता वाली रेल पटरियों को बिछाने की योजना है और रेल पटरियों की क्षमता बढ़ाने की इस योजना को लागू करने में कितनी धनराशि व्यय किए जाने की संभावना है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के०सी० लेंका) : (क) यह मामला अभी भी विचाराधीन है।

(ख) कोई सर्वेक्षण अपेक्षित नहीं है क्योंकि जहां तक रेलपथ का संबंध है इन रेल इंजनों के लिए किसी प्रकार की अतिरिक्त साधन सामग्री की जरूरत नहीं है।

(ग) वर्तमान प्रतिबंधों के अध्यधीन सभी विद्युतीकृत मार्ग।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

रेलगाड़ियों की सेवाओं का रद्द किया जाना

355. **श्रीमती सुषमा स्वराज :**
डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 4 जनवरी, 1993 के "आब्जर्वर" में "रेलवे में कैंसिल 90 पैसेंजर ट्रेन्स" शीर्षक के अंतर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि सरकार ने पिछले कुछ महीनों के दौरान यात्रियों को होने वाली असुविधा को नजरअंदाज करके कुछ रेलगाड़ियों की सेवाएं रद्द कर दी हैं ;

(ग) यदि हां, कुल कितनी रेलगाड़ियों को रद्द किया गया है और इनसे कितने यात्रियों को असुविधा होने का अनुमान है ;

(घ) क्या यह भी सच है कि इन रेलगाड़ियों को रद्द करने का एक कारण यह था कि रेलवे अधिक लाभ कमाने के लिए और अधिक मालगाड़ियां चलाना चाहता था : और

(ङ) यदि हां, तो पिछले तीन माह के दौरान कुल कितनी अतिरिक्त मालगाड़ियां चलाई गई हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के०सी० लेंका) : (क) जी हां।

(ख) से (ङ) अधिक मालगाड़ियां चलाए जाने के वास्ते पिछले नौ महिनों में किसी भी यात्री गाड़ी को रद्द नहीं किया गया है।

Direct Sailing of East Coast ports of USA from Calcutta

356. SHRI RAMACHA1TORAN PILLAI): Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether *Government* are aware that Shipping Corporation of India